मे अनुवाद नही कराया है जैसा कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन अपेक्षित है ; और

(ख) क्या योजना मंत्रालय को यह छूट है कि वह जिस सामग्री का चाहे हिन्दी मे अनुवाद कराए और सभी दस्तावेजो तथा प्रतिवेदनो का हिन्दी में अनुवाद कब तक हो जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

योजना मंत्री, कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री तथा विधि और न्याय मंत्री (श्री पी० शिवशंकर) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

पाकिस्तानी जेलों मे भारतीय कैदी

3625. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न पाकिस्तानी जेलो में जासूसी के आरोप मे कैद किये गये भारतीय नागरिको, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियो की कुल सख्या कितनी है ; और

(ख) क्या सरकार ने उनकी संख्या, अपराध और उनकी स्थिति का पता लगाया है और यदि हा, तो कब और किस प्रकार तथा सरकार उनमे से कितने मामलो में व्यक्तियो को छुड़ाने मे सफल रही है ?

विदेश मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) और (ख) चूंकि पाकिस्तान हमारे राष्ट्रिको को कैद किये जाने के बारे में हमें कोई ब्यौरा नही देता, इसलिए सरकार यह नहीं बता सकती है कि उनमें कितने कैदी तथाकथित जासूसी करने के आरोप में पाकिस्तानी जेलों में कैद हैं । सरकार पाकिस्तान में कैद सभी भारतीय कैदियो को रिहा करवाने के लिए लगातार भरसक प्रयास कर रही है । 1987 मे सरकार ने पाकिस्तान मे 136 भारतीय कैदियों को रिहा करवाया था, जिनमे दो कैदी शामिल थे जिन्हे तथाकथित जासूसी के आरोप में पकड़ा गया था ।

Launched of IRS-1A

3626. SHRI DHARAM CHANDER PRASHANT:
SHRI RAM CHANDRA VIKAL.

Will the PRIME MINISTER be pleased to state whether the Indian Remote Sensing Satellite IRS-1A, is proposed to be launched from the Soviet Union some months later; if so, what are, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): Yes, Sir The Indian Remote Sensing Satellite (IRS-1A) is planned to be launched in the first quarter of 1988 from a Soviet Cosmodrome. IRS-1A is presently undergoing final integrated and environmental ground checkout tests at ISRO Satellite Centre, Bangalore prior to transportation, early next year, to the Soviet Union.